**प्रेस विज्ञप्ति**

**लोक भवन, राँची**

**दिनांक : 08 सितम्बर, 2026 :-**

(1) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज XLRI सभागार में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार, कार्य एवं निर्णयों में उतारना ही शिक्षा की वास्तविक सार्थकता है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि उपाधि उनकी योग्यता का प्रमाण है, जबकि प्रतिभा, चरित्र एवं व्यवहार से उनकी विशिष्ट पहचान बनेगी। उन्होंने छात्राओं से अपने सपनों को लेकर स्पष्ट दृष्टि रखने, निरंतर सीखते रहने तथा हर परिस्थिति में आत्मविश्वास बनाए रखने का आह्वान किया।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि विवेक, संस्कार एवं जिम्मेदारी का बोध कराने का माध्यम है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-

2020 शिक्षा को कौशल, शोध, नवाचार, रचनात्मकता एवं समग्र विकास से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत@2047' के संकल्प को साकार करने में शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

माननीय राज्यपाल ने कहा कि जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय ने महिला शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विश्वविद्यालय को ऐसा शैक्षणिक वातावरण विकसित करना चाहिए, जहाँ छात्राओं में जिज्ञासा, अनुसंधान, नवाचार एवं नेतृत्व की भावना विकसित हो। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय आने वाले समय में शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में नई उपलब्धियाँ हासिल करेगा।

उन्होंने कहा कि झारखण्ड की बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उचित अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। उन्होंने छात्राओं से अपनी उपलब्धियों को समाज एवं राष्ट्र की प्रगति से जोड़ने का आह्वान किया और कहा कि उनकी सफलता से अन्य बेटियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलनी चाहिए।

राज्यपाल महोदय ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालय से उपाधि के साथ आत्मविश्वास और कुछ नया करने का संकल्प भी अपने साथ लेकर जाएँ। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छात्राएँ अपने ज्ञान, परिश्रम एवं कर्मठता से अपने परिवार, झारखण्ड और देश का गौरव बढ़ाएँगी।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र, जमशेदपुर

स्थित CTC प्रेज़िशन टूल्स प्राइवेट लिमिटेड जाकर वहाँ की कार्यप्रणाली एवं तकनीकी गतिविधियों का अवलोकन किया।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि झारखण्ड में इस प्रकार की आधुनिक औद्योगिक इकाई का होना प्रसन्नता का विषय है। राज्य में औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएँ हैं। आधुनिक तकनीक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के क्षेत्र में ऐसी इकाइयाँ राज्य की औद्योगिक क्षमता को और मजबूत करती हैं।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि झारखण्ड के युवाओं में प्रतिभा एवं क्षमता की कोई कमी नहीं है। औद्योगिक इकाइयों के विस्तार से युवाओं के लिए रोजगार एवं कौशल विकास के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि उद्योगों और स्थानीय युवाओं के बीच बेहतर समन्वय से राज्य के औद्योगिक विकास को और गति मिल सकती है।

राज्यपाल महोदय ने CTC प्रेज़िशन टूल्स के प्रबंधन एवं पूरी टीम को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह

इकाई भविष्य में भी तकनीक, गुणवत्ता एवं रोजगार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करेगी।

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (NSMCH), सरायकेला-खरसावाँ में वहाँ नवस्थापित कैथ-लैब का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने कहा कि झारखण्ड में स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार होने से रोगों के उपचार के लिए लोगों को राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता

नहीं होगी तथा उन्हें अपने राज्य में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में सरकारी संस्थानों के साथ-साथ निजी चिकित्सा संस्थानों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। आधुनिक चिकित्सा तकनीक एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं को विकसित करने के साथ-साथ मरीजों के प्रति संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

उन्होंने NSMCH प्रबंधन एवं चिकित्सकों को कैथ-लैब की स्थापना के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि यह सुविधा क्षेत्र के लोगों को बेहतर हृदय चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।